उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 18.06.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में प्रभारी यातायात द्वारा चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान, वाहन चालकों को पढाया यातायात नियमों का पाठ...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने व यातायात व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने के उद्देश्य से निरन्तर सघन चेकिंग/जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके क्रम में आज दिनांक 18.06.2024 को प्रभारी यातायात महोबा श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा विशेष अभियान के तहत यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया साथ ही दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु बिना हेलमेट/शीटबेल्ट लगाकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध अभियान चलाया गया व दुर्घटना से बचाव हेतु हेलमेट/शीटबेल्ट के महत्व को बताते हुए यातायात नियमों का पाठ पढाया गया।

इसी क्रम में शहर के मुख्य स्थानों पर काली फिल्म, हूटर, दोषपूर्ण नम्बर प्लेट, हेलमेट, सीट बेल्ट की चेकिंग की गई एवं चालान किए गए । यातायात पुलिस टीम द्वारा आमजनमानस/वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए सभी को यातायात नियमों का पालन किये जाने की अपील की जा रही है, जिससे जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं को होने से रोका जा सके।







## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांक 18.06.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी ।








प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 18.06.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा सम्बन्धित को समस्या निस्तारण हेतु जरिये दूरभाष दिये गये आवश्यक निर्देश।

जनपद महोबा में पीड़ित/शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की जा रही है।

जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में आज दिनांक 18.06.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा फरियादियों/जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित किये/कराये जाने के लिए सम्बन्धित को मौके पर जरिये दूरभाष आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित को आदेशित किया गया कि मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावती प्रदान की गयी साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।









# थाना चरखारी की पुलिस टीम ने

## वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक गतिविधियों को कारित करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज दिनांक 18.06.2024 को श्री सत्यम्, अपर पुलिस अधीक्षक व श्री रविकान्त गौड, क्षेत्राधिकारी चरखारी के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी श्री गणेश कुमार व प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर श्री शिवपाल सिंह मय हमराह उ0नि0 विशाल बाजपेयी व का0 अजय सोनकर, का0 प्रदीप मौर्या द्वारा थाना चरखारी पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 138/24 धारा 506/420/509 भादवि व 67ए आई.टी. एक्ट थाना चरखारी से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त सुमित करौशिया पुत्र रीतेश निवासी मुहल्ला नजरबाग कस्बा व थाना चरखारी जिला महोबा को मदारन देवी तिराहा मु0 रामनगर से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय महोबा के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त :-**

सुमित करौशिया पुत्र रीतेश निवासी मुहल्ला नजरबाग कस्बा व थाना चरखारी जनपद महोबा

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम :-**

1. थानाध्यक्ष चरखारी श्री गणेश कुमार
2. प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर श्री शिवपाल सिंह
3. उ0नि0 विशाल बाजपेयी
4. का0 अजय सोनकर
5. का0 प्रदीप मौर्या



# थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने

## 02 नफर वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक गतिविधियों को कारित करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज दिनांक 18.06.2024 को श्री सत्यम्, अपर पुलिस अधीक्षक व श्री रविकान्त गौड, क्षेत्राधिकारी चरखारी के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर श्री शिवपाल सिंह द्वारा गठित टीम के उ0नि0 विकास धर दुबे, का0 पंकज कुमार, का0 प्रदीप कुमार मौर्या द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 115/24 धारा 379/411 भादवि से सम्बन्धित 02 नफर वांछित अभियुक्तगण 1. मनीष यादव पुत्र निर्दोष यादव उम्र करीब 23 वर्ष नि0मु0 रोहनियापुरा पनवाडी थाना पनवाडी जिला महोबा, 2. विशाल यादव पुत्र अमरदान उम्र करीब 20 वर्ष निवासी पुराना थाना डकोर जिला जालौन को पेट्रोल पम्प के सामने सडक पर ग्राम पवा से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया, बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को मा0 न्यायालय महोबा के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया ।

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. मनीष यादव पुत्र निर्दोष यादव उम्र करीब 23 वर्ष नि. मु. रोहनियापुरा पनवाडी थाना पनवाडी जनपद महोबा
2. विशाल यादव पुत्र अमरदान उम्र करीब 20 वर्ष निवासी पुराना थाना डकोर जनपद जालौन

### आपराधिक इतिहास-

अभियुक्त मनीष यादव का आपराधिक इतिहास निम्नवत है-

1. मु0अ0सं0 172/20 धारा 147/148/149/323/504/506 भादवि व 3(1) द, ध, 3(2)5 क एससी/एसटी एक्ट
2. मु0अ0सं0 15/21 धारा 379/411 भादवि व 4/21 खनिज अधिनियम

### गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 विकास धर दुबे
2. का0 पंकज कुमार
3. का0 प्रदीप कुमार मौर्या



# थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने

## अवैध शराब के साथ 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक गतिविधियों को कारित करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अवैध शराब की बिक्री, परिवहन की रोकथाम अभियान के क्रम में दिनांक 17.06.2024 को श्री सत्यम्, अपर पुलिस अधीक्षक व श्री रविकान्त गौड, क्षेत्राधिकारी चरखारी के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर श्री शिवपाल सिंह द्वारा गठित टीम के उ0नि0 अर्जुन सिंह द्वारा एक नफर अभियुक्त विक्रम यादव पुत्र देव सिंह यादव उम्र 23 वर्ष नि0 मु0 दाऊपुरा कस्बा व थाना श्रीनगर जनपद महोबा को पंचायत भवन बिलरही के पास से एक प्लास्टिक की बोरी में 20 अदद क्वार्टर देशी शराब नाजायज के साथ नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 114/24 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया, बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय महोबा के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया ।

**गिरफ्तार अभियुक्त -**

विक्रम यादव पुत्र देव सिंह यादव उम्र 23 वर्ष नि0मु0 दाऊपुरा कस्बा व थाना श्रीनगर जनपद महोबा

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 अर्जुन सिंह थाना
2. उ0नि0यू0टी0 सत्यम मिश्रा

